## TEST - 2 (ANSWER KEY)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (d) | 7. (d) | 8. (b) | 9. (d) | 10. (a) |
| 11. (a) | 12. (a) | 13. (c) | 14. (d) | 15. (d) | 16. (c) | 17. (d) | 18. (b) | 19. (c) | 20. (c) |
| 21. (b) | 22. (c) | 23. (d) | 24. (c) | 25. (d) | 26. (d) | 27. (b) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (d) |
| 31. (d) | 32. (a) | 33. (d) | 34. (d) | 35. (a) | 36. (b) | 37. (b) | 38. (b) | 39. (b) | 40. (b) |
| 41. (c) | 42. (c) | 43. (d) | 44. (a) | 45. (b) | 46. (c) | 47. (d) | 48. (b) | 49. (d) | 50. (b) |
| 51. (d) | 52. (d) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (d) | 56. (c) | 57. (d) | 58. (c) | 59. (c) | 60. (c) |
| 61. (c) | 62. (a) | 63. (a) | 64. (b) | 65. (c) | 66. (d) | 67. (a) | 68. (b) | 69. (b) | 70. (b) |
| 71. (c) | 72. (c) | 73. (c) | 74. (b) | 75. (c) | 76. (a) | 77. (a) | 78. (a) | 79. (b) | 80. (a) |
| 81. (d) | 82. (d) | 83. (d) | 84. (c) | 85. (d) | 86. (d) | 87. (c) | 88. (c) | 89. (b) | 90. (d) |
| 91. (b) | 92. (b) | 93. (d) | 94. (b) | 95. (d) | 96. (c) | 97. (d) | 98. (d) | 99. (b) | 100. (b) |

1. B. 14th FC YV Reddy: the horizontal formula for tax distribution is- Population Census 1971 (17%), Demographic Change- Census 2011 (10%), Income-Distance (50%), Area (15%), Forest cover (8%).

2. B. Aaykar means Income tax, so it can't be GST (option 1) or import-export (option 4) which are associated with indirect tax. "Setu" is the Sanskrit word for "Bridge" in a positive sense, so it can't be about "Tax defaulters". And the correct answer is that, it's an app.

3. D.

- NAA is set up to take action against businessmen who're not passing on Goods and Services Tax (GST) rate cut benefits to customers. It can impose penalty, which goes to Consumer welfare Fund as per the Central GST Act.
- GST compensation fund is a separate apparatus- which is filled by imposing special compensation cess on coal, demerit and luxury goods such as tobacco, cigar, pan masala, Aerated drinks and motor vehicles.

4. A. Budget-2018 was "Rural-India centric", so state Governments too ought to have made similar strategies by focusing more on rural area.

For the year 2018-19, the States' Capital expenditure is as following (in Rs. Billion) :

- Rural development : 426
- Education, Sports, Art, Culture : 208
- Water supply and sanitation : 360
- Urban development : 250

1. B. 14वें वित्त आयोग (वाई.वी. रेड्डी) द्वारा कर-वितरण के लिए क्षैतिज सूत्र- जनसंख्या: जनगणना-1971 (17%), जनसांख्यिकीय परिवर्तन: जनगणना-2011 (10%), आय अंतराल (50%), क्षेत्र (15%), वन क्षेत्र (8%)।

2. B. यह जीएसटी (विकल्प 1) या आयात-निर्यात (विकल्प 4) से संबंधित नहीं हो सकता है जो अप्रत्यक्ष कर से जुड़े हैं। "सेतु", "ब्रिज" के लिए संस्कृत शब्द है, इसलिए यह "टैक्स डिफॉल्टर्स" से संबंधित नहीं हो सकता है। अत:, सही उत्तर है कि, यह एक 'ऐप' है।

3. D.

- राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (नेशनल एंटी-प्रोफेसरिंग अथॉरिटी), उन व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्थापित है, जो ग्राहकों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर में कटौती के लाभों से वंचित कर रहे हैं।
- राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण द्वारा लगाया गया जुर्माना, केन्द्रीय जीएसटी अधिनियम के अनुसार 'उपभोक्ता कल्याण कोष' में जाता है।
- 'जीएसटी मुआवजा निधि' एक अलग कोष है- जो कि कोयले, हानिकारक तथा विलासिता की वस्तुओं, जैसे तम्बाकू, सिगार, पान मसाला, एयरेटेड ड्रिंक और मोटर वाहनों पर विशेष मुआवजे रूपी सेस को आरोपित कर भरा जाता है।

4. A. बजट-2018 "ग्रामीण-भारत केंद्रित" था, इसलिए राज्य सरकारों को भी ग्रामीण इलाकों पर अधिक ध्यान केंद्रित करके समान रणनीतियां विकसित की। वर्ष 2018-19 के लिए, राज्यों का पूंजी व्यय निम्नानुसार है (बिलियन रुपये में):

- ग्रामीण विकास: 426
- शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति: 208
- जल आपूर्ति और स्वच्छता: 360
- शहरी विकास: 250

SPECTRUM IAS ACADEMY

5. A. The question is asked from RBI's State Finances Report published in –July, 2018.

- Fiscal deficit of all states combined was 3.1% in 2017. And in previous 2 years also it was above 3%. So yes, statement 1 is correct.
- Special Category states had 3.0% FD in 2016, and 6.6% in 2017. It means that Special Category states's higher FD was responsible for crossing the 3% limit overall.

6. D. Tamilnadu and Uttar Pradesh will get these corridors.

7. D. In August, 2018, Department of Industrial Policy and Promotion launched this logo for GI products, to make them more attractive.

8. B. India secured 77th rank, New Zealand secured 1st rank and Somalia secured the bottom most 190th rank in World Bank's EoD Report.

India's performance in various indicators:

- Paying taxes: rank dropped from 119 to 121
- Resolving insolvency: rank dropped from 103 to 108
- Starting a business: rank improved from 156 to 137
- Getting construction permits: rank improved from 181 to 52.

9. D. Top-10 economies are United States, China, Japan, Germany, United Kingdom, India, France, Brazil, Italy, and Canada.

10. A. Philip Curve describes that if inflation increases then unemployment will decline and vice versa. But, Nobel winner Milton Friedman introduced the concept of "the natural rate of unemployment" i.e. the minimum rate of unemployment that will prevent inflation from increasing.

11. A. Under PRASAD scheme, 25 sites of religious significance have been identified for development namely Amaravati (Andhra Pradesh), Amritsar (Punjab), Ajmer (Rajasthan), Ayodhya (Uttar Pradesh), Badrinath (Uttarakhand), Dwarka (Gujarat), Deoghar (Jharkhand), Belur (West Bengal), Gaya (Bihar) , Guruvayoor (Kerala), Hazratbal (Jammu & Kashmir), Kamakhya (Assam), Kanchipuram (Tamil Nadu), Katra (Jammu & Kashmir), Kedarnath (Uttarakhand),

5. A. यह प्रश्न जुलाई-2018 में प्रकाशित रिज़र्व बैंक की 'राज्य वित्त रिपोर्ट' से पूछा गया है।

- 2017 में सभी राज्यों का संयुक्त राजकोषीय घाटा 3.1% था। और पिछले 2 वर्षों में भी यह 3% से ऊपर था। अत:, कथन 1 सही है।
- 2016 में विशेष श्रेणी के राज्यों में राजकोषीय घाटा 3.0% और 2017 में 6.6% रहा। अत:, विशेष श्रेणी राज्यों का उच्च राजकोषीय घाटा समग्र रूप से 3% सीमा पार करने हेतु उत्तरदायी रहा। अत:, कारण 2 भी सही है।

6. D. तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 'रक्षा औद्योगिक गलियारे' प्रस्तावित हैं।

7. D. अगस्त, 2018 में, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग ने जीआई उत्पादों के लिए इस लोगो को लॉन्च किया।

8. B. विश्व बैंक की कारोबार सुगमता (डूइंग बिजनेस) रिपोर्ट, 2019 के अनुसार भारत ने 77 वां स्थान, न्यूजीलैंड ने पहला और सोमालिया ने 190 वां स्थान प्राप्त किया।

विविध संकेतकों में भारत का प्रदर्शन:

- करों का भुगतान: रैंक में 119 से 121 तक पतन
- दिवालियापन का निवारण: रैंक में 103 से 108 तक पतन
- व्यवसाय आरम्भ करना: रैंक में 156 से 137 तक सुधार
- निर्माण गतिविधियों हेतु परमिट: रैंक में 181 से 52 तक सुधार

9. D. शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाएं संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, भारत, फ्रांस, ब्राजील, इटली और कनाडा हैं।

10. A. फिलिप वक्र के अनुसार, यदि मुद्रास्फीति बढ़ती है तो बेरोजगारी में कमी होती है तथा मुद्रास्फीति में कमी से बेरोजगारी में वृद्धि होती है। लेकिन, नोबेल विजेता मिल्टन फ्राइडमैन ने "बेरोजगारी की प्राकृतिक दर" की अवधारणा प्रस्तुत की, जिसके अनुसार बेरोजगारी की एक न्यूनतम दर, वस्तुत: मुद्रास्फीति को बढ़ने से रोकती है।

11. A. प्रसाद योजना के तहत, धार्मिक महत्व के 25 स्थलों की पहचान की गयी है: अमरावती (आंध्र प्रदेश), अमृतसर (पंजाब), अजमेर (राजस्थान), अयोध्या (उत्तर प्रदेश), बद्रीनाथ (उत्तराखंड), द्वारका (गुजरात), देवघर (झारखंड), वेल्लूर (पश्चिम बंगाल), गया (बिहार), गुरुवायूर (केरल), हजरतबल (जम्मू-कश्मीर), कामख्या (असम), कांचीपुरम (तमिलनाडु), कटरा (जम्मू-कश्मीर), केदारनाथ (उत्तराखंड), मथुरा (उत्तर प्रदेश),

SPECTRUM IAS ACADEMY

Mathura (Uttar Pradesh), Patna (Bihar), Puri (Odisha), Srisailam (Andhra Pradesh), Somnath (Gujarat), Tirupati (Andhra Pradesh), Trimbakeshwar (Maharashtra), Ujjain (Madhya Pradesh), Varanasi (Uttar Pradesh) and Vellankani (Tamil Nadu). So, eliminate accordingly.

12. A.

- Under CRR a certain percentage of the total bank deposits have to be kept in the current account with RBI which means banks do not have access to that much amount for any economic activity or commercial activity. Banks can't lend the money to corporates or individual borrowers, banks can't use that money for investment purposes.
- Any decrease in CRR will therefore increase cash availability with the banks.
- Repo rate and SLR would not be affected by changes in CRR. They are separate mechanisms, the rate of which is decided by RBI.

13. C. There are no WTO definitions of "developed" or "developing" countries. Developing countries in WTO are designated on the basis of self-selection although this is not necessarily automatically accepted in all WTO bodies.

14. D. Microfinance products tend to be for smaller monetary amounts than traditional financial services. These services include loans, savings, insurance, and remittances (payments). So, microfinance is not limited to loans and deposits only, it includes other financial services also.

15. D.

- Statutory Liquidity Ratio is the amount of money that is invested in certain specified securities predominantly central government and state government securities. In this way, SLR acts as a lending mechanism to government.

16. C. Deficit financing is a method of meeting government deficits through the creation of new money. The deficit is the gap caused by the excess of government expenditure over its receipts. Deficit financing in India is done by: Withdrawal of past accumulated cash balances; Borrowing from RBI; Issuing fresh currency notes. Borrowing from commercial banks is not a part of deficit banking.

17. D.

- Gross Capital Formation is equivalent to

पटना (बिहार), पुरी (ओडिशा), श्रीशैलम (आंध्र प्रदेश), सोमनाथ (गुजरात), तिरुपति (आंध्र प्रदेश), त्रंबकेश्वर (महाराष्ट्र), उज्जैन (मध्य प्रदेश), वाराणसी (उत्तर प्रदेश) ) और वेल्लंकानी (तमिलनाडु)। तदनुसार उत्तर की पहचान करें।

12. A.

- नकदी (कैश) रिजर्व अनुपात के अंतर्गत कुल बैंक जमा का एक निश्चित प्रतिशत रिज़र्व बैंक के पास चालू खाते में रखना होता है; बैंकों को किसी भी आर्थिक गतिविधि या वाणिज्यिक गतिविधि के लिए इस राशि तक पहुंच नहीं होती है। बैंक कॉर्पोरेट या व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को यह राशि उधार नहीं दे सकते हैं, न ही निवेश के उद्देश्यों हेतु इस राशि का प्रयोग कर सकते हैं।
- नकदी (कैश) रिजर्व अनुपात में कमी बैंकों के पास नकद उपलब्धता में वृद्धि करेगी।
- रेपो दर और सांविधिक तरलता अनुपात, नकदी (कैश) रिजर्व अनुपात में परिवर्तन से प्रभावित नहीं होंगे। ये अलग तंत्र हैं, जिनकी दर रिजर्व बैंक द्वारा तय की जाती है।

13. C. विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 'स्व-चयन' के सिद्धांत का आशय है कि: देश स्वयं निर्णय लेते हैं कि वे विकसित या विकासशील श्रेणियों में सम्मिलित होना चाहते हैं या नहीं।

14. D. माइक्रोफाइनेंस उत्पाद, पारंपरिक वित्तीय सेवाओं की तुलना में लघु मौद्रिक राशि के लिए होते हैं। इन सेवाओं में ऋण, बचत, बीमा, और प्रेषण (भुगतान) इत्यादि सम्मिलित हैं। अत:, माइक्रोफाइनेंस उत्पाद के अंतर्गत केवल ऋण और जमा ही नहीं, अपितु इसमें अन्य वित्तीय सेवाएं भी सम्मिलित हैं।

15. D. सांविधिक तरलता अनुपात कुछ निर्दिष्ट प्रतिभूतियों में, मुख्य रूप से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश की गई धनराशि है। इस तरह यह सरकार को उधार देने के तंत्र के रूप में कार्य करता है।

16. C. 'घाटे का वित्त पोषण' (डेफिसिट फाइनेंसिंग) नई मुद्रा के निर्माण के माध्यम से सरकारी घाटे को पूरा करने का एक तरीका है। भारत में घाटे के वित्त पोषण के माध्यम हैं। पिछले संचित नकद शेषराशि को वापस लेना, भारतीय रिजर्व बैंक से उधार, तथा नई मुद्रा नोट जारी करना; वाणिज्यिक बैंकों से उधार घाटे के वित्त पोषण का माध्यम नहीं है।

17. D.

- 'सकल पूंजी निर्माण' को ही सकल घरेलू निवेश

SPECTRUM IAS ACADEMY

investment made, which was earlier called Gross Domestic Investment. The part of GDP that is used is called Gross domestic consumption, while the part that is saved is Gross domestic savings (GDS).

- Some part of this GDS will be re-invested back, and that is called Gross capital formation. Now, an increase in GDP or GDS will not necessarily lead to an increase in capital formation, because how much in invested back will depend on many other factors.

18. B.

- Fiscal consolidation is a reduction in the underlying fiscal deficit. Increasing taxes and reducing subsidies will of course increase revenues and decrease expenditure respectively contributing to fiscal consolidation.
- While getting more loans may increase receipts, it will not help in fiscal consolidation as that loan has to be repaid back along with interest. So, loans add more to the expenditure than it contributes to receipts.

19. C.

- Because of their volatility Foreign Portfolio Investments (FPI) or, Foreign Institutional Investments (FIIs) are also called hot money. While loans from international financial institutions are given for a fixed tenure and hence stable.
- FDI is not part of FPI, but are accounted separately.

20. C. IFC lends money to private sector companies of its member countries only and not all countries.

21. B.

- Inclusive growth is a concept that advances equitable opportunities for economic participants during economic growth with benefits incurred by every section of society.
- Disinvestment is reducing the government ownership in public sector enterprises. It is not in any way related to inclusive growth.

22. C. IDA loans are interest free (only administrative cost is charged). Further, the repayment period is very long like 35-40 years and the repayment starts after 10 years of taking loans.

के रूप में चिन्हित किया जाता था। सकल घरेलू उत्पाद का वह हिस्सा जिसका उपयोग किया जाता है, 'सकल घरेलू खपत' कहा जाता है, जबकि शेष हिस्सा सकल घरेलू बचत।

- सकल घरेलू बचत के जिस भाग को फिर से निवेश किया जाता है, उसे सकल पूंजी निर्माण कहते हैं। सकल घरेलू उत्पाद या सकल घरेलू बचत में वृद्धि से पूंजी निर्माण में वृद्धि होना निश्चित नहीं है क्योंकि निवेशित राशि अन्य कारकों पर भी निर्भर करती है।

18. B.

- राजकोषीय सुदृढ़ीकरण अंतर्निहित राजकोषीय घाटे में कमी है। करों में वृद्धि और सब्सिडी को कम करने से क्रमश: राजस्व में वृद्धि और व्यय में कमी होगी तथा अंतत: राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की प्राप्ति होगी।
- अधिक ऋण की प्राप्ति से राजकोषीय सुदृढ़ीकरण में सहायता नहीं मिलेगी क्योंकि ऋण को ब्याज के साथ वापस करना होगा, जो ऋण-व्यय में वृद्धि करता है।

19. C.

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) या, विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) को उनकी अस्थिरता के कारण चलायमान मुद्रा भी कहा जाता है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से ऋण एक निश्चित कार्यकाल के लिए दिए जाते हैं, अत: वे स्थिर होते हैं।
- एफडीआई, एफपीआई का हिस्सा नहीं है, अपितु अलग तंत्र है।

20. C. आईएफसी केवल अपने सदस्य देशों की निजी क्षेत्र की कंपनियों को पैसा देता है, न कि सभी देशों को।

21. B.

- समावेशी विकास एक अवधारणा है जो आर्थिक विकास के दौरान समाज के हर वर्ग द्वारा अर्जित किए गए लाभों को आर्थिक प्रतिभागियों में न्यायसंगत रूप से वितरित करने से संबंधित है।
- विनिवेश सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकारी स्वामित्व को कम करने से संबंधित है न कि समावेशी विकास से।

22. C. आईडीए द्वारा उपलब्ध कराये गए ऋण ब्याज-मुक्त होते हैं (केवल प्रशासनिक लागत का शुल्क लिया जाता है)। लंबी वापसी अवधि के साथ ब्याज मुक्त ऋण इसके अतिरिक्त, इन ऋणों की पुनर्भुगतान अवधि बहुत लंबी (35-40 वर्ष) होती है; साथ ही ऋण लेने के 10 साल बाद पुनर्भुगतान शुरू होता है।

SPECTRUM IAS ACADEMY

23. D. All the interest rates in India have been deregulated. The last one was savings interest rate which was deregulated in 2011.

24. C. There is no direct relation between subsidies given and inflation. Subsidies increases fiscal deficit. Subsidies increase export competitiveness of goods as it decreases their cost of production.

25. D. RBI's functions – acting as banker's bank, managing India's Forex and handling government's borrowing program.

- In March, 2015 it was formally decided that from now, RBI will have the official mandate to manage inflation.

26. D.

- National treatment (A concept for WTO member countries): Treating foreigners and locals equally – Imported and locally-produced goods should be treated equally — at least after the foreign goods have entered the market. The same should apply to foreign and domestic services, and to foreign and local trademarks, copyrights and patents.
- National treatment only applies once a product, service or item of intellectual property has entered the market. Therefore, charging customs duty on an import is not a violation of national treatment even if locally-produced products are not charged an equivalent tax.

27. B. Narrow money = currency with public + demand deposit with banks + "other' deposits with RBI. It is denoted by M1. It is highly liquid.

Banks cannot carry their lending program with such highly liquid money as they have to return it pay when required by depositor. So, the lending program is mainly carried by such money which is less liquid, like Broad money (M3).

28. C. Since borrowings from Reserve Bank of India directly add to money supply, this measure is termed monetized deficit.

29. B.

- Increase in subsidy of LPG will reduce the pocket expenditure of people on LPG, making more money available with them, thereby increasing demand and pulling inflation. Similar will be the effect of

23. D. भारत में सभी ब्याज दरों को अविनियमित कर दिया गया है। आखिरी ब्याज दर, जिसे 2011 में अविनियमित किया गया था - बचत खाता ब्याज दर थी।

24. C. सब्सिडी और मुद्रास्फीति के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। सब्सिडी राजकोषीय घाटे में वृद्धि करती है तथा साथ ही, सब्सिडी माल की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करती है क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम हो जाती है।

25. D. रिज़र्व बैंक के कार्य हैं - बैंकों के बैंक के रूप में कार्य करना, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन करना और सरकार की उधारी का प्रबंधन करना।

- मार्च, 2015 में औपचारिक रूप से निर्णय लिया गया था कि रिज़र्व बैंक को मुद्रास्फीति के प्रबंधन का भी अधिकार होगा।

26. D.

- राष्ट्रीय उपचार (विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों हेतु सिद्धान्त): विदेशियों और स्थानीय लोगों के साथ समान व्यवहार - आयातित और स्थानीय रूप से उत्पादित सामानों के साथ समान व्यवहार (कम से कम विदेशी सामान के घरेलू बाजार में प्रवेश करने के बाद)। यह विदेशी और घरेलू सेवाओं, और विदेशी और स्थानीय ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और पेटेंट पर लागू होता है।
- राष्ट्रीय उपचार उत्पाद, सेवा या बौद्धिक संपदा से संबंधित वस्तुओं के बाजार में प्रवेश करने के बाद केवल एक बार ही आरोपित होता है। इसलिए, आयात पर सीमा शुल्क शुल्क चार्ज करना राष्ट्रीय उपचार का उल्लंघन नहीं है, भले ही स्थानीय रूप से उत्पादित उत्पादों पर समान कर न लगाया जा रहा हो।

27. B. संकीर्ण मुद्रा = जनता के पास मुद्रा + बैंकों के पास मांग जमा + रिज़र्व बैंक के पास "अन्य 'जमा। इसे M-1 द्वारा दर्शाते हैं। यह अत्यधिक तरल है।
बैंक अपने उधार कार्यक्रम को अत्यधिक तरल धन के साथ संचालित नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें जमाकर्ता को आवश्यकतानुसार भुगतान वापस भी करना होता है। इसलिए, उधार कार्यक्रम मुख्य रूप से ऐसे धन के साथ संचालित जाता है, जो कम तरल है, जैसे कि 'वृहद् मुद्रा' (M-3)।

28. C. चूंकि भारतीय रिजर्व बैंक से उधार सीधे धन आपूर्ति का भाग बनता है, इसलिए इस प्रणाली को 'मौद्रिक घाटा' कहा जाता है।

29. B. एलपीजी की सब्सिडी में वृद्धि, एलपीजी पर लोगों के व्यय को कम कर देगी, जिससे उनके पास पैसे की उपलब्धता बढ़ जाएगी, तथा अंततः मुद्रास्फीति

SPECTRUM IAS ACADEMY

decrease of income tax rates – more money availability.

- Increase in fuel prices will lead to cost-push inflation.

30. D. All the three are included in the mandate of the 14th Finance Commission.

31. D.

- CDS is a tool to transfer and manage credit risk.
- If giving credit (like lending) is made less risky by CDS, it would definitely increase the investor's interest thus enhancing investment opportunities.
- CDS does not waive off loans, it just redistributes the risk of lending.

32. A. Priority sector refers to those sectors of the economy which may not get timely and adequate credit in the absence of this special dispensation. E.g. farmers for agriculture and allied activities, micro and small enterprises, poor people for housing, students for education and other low income groups and weaker sections.

33. D. A 'Narrow Bank' can be defined as the system of banking under which a bank places its funds in risk-free assets, so that there is no problem relating to asset liability mismatch.

34. D. During boom phase, the demand goes on increasing and the economy heats up. The supply is limited and hence there develops a demand-supply lag.

35. A. Economies that have both a fiscal deficit and a current account deficit are often referred to as having "twin deficits."

36. B.

- Treasury bills are short-term money market instrument that mature in a year or less than that.
- Commercial Paper is short-term loan that is issued by a corporation for financing accounts receivable and inventories.
- Preference shares are capital market instrument.

37. B. GDP (market price) = GDP ( factor cost) + indirect taxes – subisdies. This equation makes it clear that any increase in indirect taxes will increase the GDP at market

में वृद्धि होगी। आयकर दरों में कमी का असर भी समान ही होगा - अधिक पैसे की उपलब्धता।

- ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से 'मूल्य वृद्धि कारक मुद्रास्फीति' में वृद्धि होगी।

30. D. सभी तीनों 14 वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं में सम्मिलित हैं।

31. D.

- क्रेडिट डिफ़ॉल्ट स्वैप (सीडीएस), क्रेडिट जोखिम को स्थानांतरित, पुनर्वितरित और प्रबंधित करने का एक साधन है। एक अर्थव्यवस्था के लिए किस प्रकार लाभप्रद हो सकता है ?
- यह निवेशकों के हितों में वृद्धि करता है, जिससे निवेश के अवसरों में वृद्धि होती है।
- सीडीएस ऋणों को समाप्त नहीं करता है, अपितु यह सिर्फ उधार देने के जोखिम को पुनर्वितरित करता है।

32. A. प्राथमिकता क्षेत्रक ऋण (पीएसएल), अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रों को संदर्भित करता है जिन्हें इस विशेष छूट की अनुपस्थिति में समय पर और पर्याप्त क्रेडिट नहीं मिल सकता है। जैसे- कृषि और संबद्ध गतिविधियां, सूक्ष्म और लघु उद्यम, गरीबों के लिए आवास, शिक्षा, तथा कम आय वाले समूह और कमजोर वर्ग।

33. D. 'संकुचित बैंक' को ऐसी बैंकिंग प्रणाली के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसके अंतर्गत एक बैंक जोखिम मुक्त संपत्तियों में अपने धन रखता है, ताकि परिसंपत्ति देयता मेल से संबंधित कोई समस्या न हो।

34. D. बूम चरण के दौरान, मांग बढ़ती जाती है, जिसके कारण अर्थव्यवस्था में तेजी आ जाती है। साथ ही आपूर्ति सीमित होने के कारण मांग-आपूर्ति अंतराल विकसित हो जाता है।

35. A. वे अर्थव्यवस्थाएं, जिनमें 'राजकोषीय घाटा' और 'चालू खाता घाटा' दोनों होते हैं, 'जुड़वे अथवा दोहरे घाटे' की अर्थव्यवस्था कहा जाता है।

36. B.

- ट्रेजरी बिल अल्पावधि मुद्रा बाजार के उपकरण हैं, जिनकी परिपक्वता अवधि एक वर्ष या इससे भी कम होती है।
- वाणिज्यिक पेपर अल्पावधि ऋण हैं, जो किसी निगम द्वारा प्राप्य और माल-सूची खातों को वित्त पोषित करने के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं।
- वरीयता शेयर पूंजी बाजार के उपकरण हैं।

37. B. बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद = कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद + अप्रत्यक्ष कर - सब्सिडी। अत: अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि से बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि तथा कारक

SPECTRUM IAS ACADEMY

prices and decrease the GDP factor cost.

38. B.

- Shares are equity instruments, while bonds and debentures are debt instruments.
- Debt instruments are assets that require a fixed payment to the holder, usually with interest.
- Equity financing allows a company to acquire funds (often for investment) without incurring debt, e.g. shares.

39. B. Foreign Institutional Investment (FII) is part of capital account. Remittances and foreign aid (under the heading of transfers) come under current account.

40. B.

- Broadly the expenditure which does not result in creation of assets for Government of India is treated as revenue expenditure.
- Loans granted by Central government are capital expenditure.

41. C.

- Expansionary fiscal policy is a macroeconomic policy that seeks to expand the money supply to encourage economic growth or combat inflation (price increases).
- One form of expansionary policy is fiscal policy, which comes in the form of tax cuts, rebates and increased government spending.
- Increase in wages of labour is unrelated with an expansionary fiscal policy.
- There can be a decrease in income tax rates in this policy.

42. C. 4. One of its specialties is that GDR route can be used for bringing back suspected illicit funds stashed abroad.

43. D. Interest tax was withdrawn in 2000-01, estate duty abolished in 1985 and gift tax in 1998-99.

44. A. Fiscal deficit= total expenditure - total receipts except loans and other liabilities.

45. B. GNP = GDP + Net factor income from abroad

Net factor income from abroad = Factor

लागत पर सकल घरेलू उत्पाद में कमी होगी।

38. B.

- शेयर इक्विटी उपकरण हैं, जबकि बॉन्ड और डिबेंचर्स ऋण उपकरण हैं।
- ऋण उपकरण ऐसी संपत्ति होती है जिसके लिए धारक को निश्चित भुगतान की आवश्यकता होती है (आमतौर पर ब्याज के साथ)।
- इक्विटी वित्तपोषण, किसी कंपनी को ऋण लिए बिना ही (अक्सर निवेश के लिए), धन प्राप्त करने की अनुमति देता है, उदाहरण- शेयर।

39. B. विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) पूंजीगत खाते का हिस्सा है। प्रेषण और विदेशी सहायता (स्थानांतरण के शीर्षक के तहत) चालू खाते के अंतर्गत आते हैं।

40. B.

- वे व्यय, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार को संपत्ति के निर्माण में सहायता मिलती है, 'राजस्व व्यय' कहलाते हैं।
- केंद्र सरकार द्वारा दिए गए ऋण पूंजीगत व्यय का उदहारण हैं।

41. C.

- 'विस्तारित राजकोषीय नीति' एक व्यापक आर्थिक नीति है, जो मुद्रा आपूर्ति के विस्तार के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करती है तथा मुद्रास्फीति को नियंत्रित करती है।
- 'विस्तारित राजकोषीय नीति' के अंतर्गत ही करों में कटौती, छूट और सरकारी खर्च में वृद्धि, इत्यादि आते हैं।
- श्रम की मजदूरी में वृद्धि, 'विस्तारित राजकोषीय नीति' से संबंधित नहीं है।
- 'विस्तारित राजकोषीय नीति' से आयकर की दरों में कमी हो सकती है।

42. C. ग्लोबल डिपॉजिटरी रसीद (जीडीआर) एक लोकप्रिय वित्तीय साधन हैं, जो विदेश में रखे संदिग्ध अवैध धन की वापसी को सुगम बनाते हैं।

43. D. ब्याज कर को 2000-01 में, संपत्ति शुल्क को 1985 में तथा उपहार कर को 1998-99 में निरसित किया जा चुका है।

44. A. ऋण और अन्य देनदारियों को छोड़कर कुल व्यय और कुल रसीदों के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा है, न कि प्राथमिक घाटा।

वित्तीय घाटा = कुल व्यय - ऋण और अन्य देनदारियों को छोड़कर कुल रसीदें।

45. B.

- सकल राष्ट्रीय उत्पाद = सकल घरेलू उत्पाद + विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय
- विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय = शेष दुनिया



SPECTRUM IAS ACADEMY

income earned by the domestic factors of production employed in the rest of the world – Factor income earned by the factors of production of the rest of the world employed in the domestic economy.

46. C. Both the statements are correct.

47. D. The information about both the concepts are interchanged.

48. B. Petroleum Industries are not considered as 'strategic' Public Sector enterprise.

49. D. All the given statements are correct.

50. B.

- Real GDP is calculated in a way such that the goods and services are evaluated at some constant set of prices (or constant prices). Since these prices remain fixed, if the Real GDP changes we can be sure that it is the volume of production which is undergoing changes.
- Nominal GDP, on the other hand, is simply the value of GDP at the current prevailing prices.

51. D.

- National Disposable Income = Net National Product at market prices + Other current transfers from the rest of the world
- NNP at factor cost + Indirect Taxes – Subsidy = NNP at market prices

52. D. All statements are correct.

53. A. Inclusive Development Index is published by World Economic Forum. India was ranked 62nd among 74 emerging economies on World Economic Forum's Inclusive Development Index.

54. B. 'An economy for the 99%' - Oxfam briefing paper looks at inequalities in our current economy and calls for a more human economy.

55. D. 'Ease of Doing Business' index is released by World Bank. It was introduced in 2004. The ranking of country is based on index averages the country's percentile rankings on 11 indicators each having equal weightage. The indicators are –

1. Ease of starting business
2. Getting electricity
3. Dealing with construction permits
4. Registering property
5. Protecting investors

में नियोजित उत्पादन के घरेलू कारकों द्वारा अर्जित कारक आय – घरेलू अर्थव्यवस्था में नियोजित शेष दुनिया के उत्पादन के कारकों द्वारा अर्जित कारक आय

46. C. दोनों कथन सही हैं।

47. D. दोनों कथनों में प्रस्तुत अवधारणाओं को एक- दूसरे से परिवर्तित कर दिया गया है।

48. B. पेट्रोलियम उद्योग को 'रणनीतिक' सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नहीं माना जाता है।

49. D. सभी कथन सही हैं।

50. B.

- वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की गणना में, वस्तुओं और सेवाओं का मूल्यांकन कुछ निश्चित मूल्यों पर किया जाता है। चूंकि ये कीमतें स्थिर रहती हैं, अत: यदि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन होता है तो हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं उत्पादन की मात्रा परिवर्तित हो रही है।
- नामित (नॉमिनल) सकल घरेलू उत्पाद, वस्तुत: वर्तमान मौजूदा कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद है।

51. D.

- राष्ट्रीय डिस्पोजेबल आय = बाजार की कीमतों पर नेट राष्ट्रीय उत्पाद + शेष दुनिया से अन्य वर्तमान स्थानान्तरण
- कारक लागत पर नेट राष्ट्रीय उत्पाद + अप्रत्यक्ष कर – सब्सिडी = बाजार की कीमतों पर नेट राष्ट्रीय उत्पाद

52. D. सभी कथन सही हैं।

53. A. समावेशी विकास सूचकांक, विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित किया गया है। इस सूचकांक के अनुसार 74 उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत 62वें स्थान पर रहा।

54. B. '99% के लिए एक अर्थव्यवस्था', नामक ऑक्सफैम का प्रकाशित पत्र अर्थव्यवस्थाओं में असमानताओं का विश्लेषण करता है, तथा 'अधिक मानवीय अर्थव्यवस्था' की संकल्पना करता है।

55. D. 'व्यवसाय की सुगमता' नामक रिपोर्ट, विश्व बैंक द्वारा वर्ष 2004 से जारी की जा रही है। इसमें देशों की रैंकिंग, समभारित 11 संकेतकों के औसत सूचकांक पर आधारित होती है। ये संकेतक हैं –

1. व्यवसाय प्रारंभ करने में सुगमता
2. बिजली प्राप्त करना
3. निर्माण परमिट के साथ काम करना
4. संपत्ति पंजीकरण
5. निवेशकों की रक्षा

SPECTRUM IAS ACADEMY

6. Access to credit
7. Employing workers
8. Trading across borders
9. Paying taxes
10. Enforcing contracts &
11. Resolving insolvency

56. C. An increase in Repo rate increase the borrowing cost from RBI thus it will discourage banks to borrow money from RBI and increase the cost of loan for consumers. Thus it will decrease liquidity in the economy and will tame inflationary pressure.

57. D. All the given tools are used by Central Bank to achieve Monetary Policy ends.

58. C. Both statements are correct.

59. C. The Pigovian Tax is imposed on bodies that have a negative externality.

60. C. Both statements are correct.

61. C. Both statements are correct.

62. A.

- Originally set in 1974, the most recent set of norms, Basel III are common set of global standards to be implemented by banks across countries. In India, lenders have to adhere to these regulations from 2019.
- The capital norms recommend Capital Adequacy ratio (CAR) to be increased to 8 per cent internationally, while in India it is 9 per cent.
- CAR is a ratio of a bank's capital to its risk. This capital is further classified into two – Tier 1 (the main portion of the banks' capital, usually in the form of equity shares) and Tier 2 capital.
- Out of the 9 per cent of CAR, 7 per cent has to be met by Tier 1 capital while the remaining 2 per cent by Tier 2 capital.

63. A. Maharatna Company can take investment decision of up to 5,000 crore without government permission in a joint-venture project or wholly-owned subsidiary.

64. B. GoI uses T-Bills to fund its short-term financial requirements.

65. C. Both statements are correct.

6. क्रेडिट तक पहुंच
7. श्रमिकों को रोजगार देना
8. सीमाओं के पार व्यापार
9. करों का भुगतान करना
10. अनुबंध लागू करना
11. दिवालियापन को हल करना

56. C. रेपो दर में वृद्धि बैंकों को, रिज़र्व बैंक से उधार लेने की लागत में वृद्धि करती है, इस प्रकार यह उपभोक्ताओं के लिए ऋण की लागत में वृद्धि करती है तथा अर्थव्यवस्था में तरलता को कम करती है। साथ ही, रेपो दर में वृद्धि मुद्रास्फीति के दबाव को कम करती है।

57. D. दोनों कथन सही हैं। 'मौद्रिक नीति' के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा ओपन मार्केट ऑपरेशन, रिजर्व अनुपात, नैतिक अभिप्रेरण, बैंक दर आदि नीतिगत पहलों का प्रयोग किया जाता है।

58. C. दोनों कथन सही हैं।

59. C. पिगोवियन कर उन निकायों पर लगाया जाता है जिनके पास नकारात्मक बाह्यता होती है।

60. C. दोनों कथन सही हैं।

61. C. दोनों कथन सही हैं।

62. A.

- मूल रूप से 1974 में स्थापित, मानदंडों का नवीनतम सेट, बेसल III- वैश्विक मानकों का सामान्य सेट है; भारत में, बैंकों को 2019 से इन नियमों का पालन करना होगा।
- बेसल III पूंजी मानदंडों के अनुसार, पूंजीगत पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 8 प्रतिशत तक रखना है, जबकि भारत में यह 9 प्रतिशत है।
- पूंजीगत पर्याप्तता अनुपात (सीएआर), बैंक की पूंजी तथा जोखिम का अनुपात है। इस पूंजी को दो श्रेणियों- टियर-1 (बैंक की पूंजी का मुख्य हिस्सा, आमतौर पर इक्विटी शेयरों के रूप में) और टियर-2 पूंजी में वर्गीकृत किया जाता है।
- 9 प्रतिशत पूंजीगत पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) में से 7 फीसदी को टियर-1 पूंजी से पूरा किया जाना है जबकि शेष 2 फीसदी को टियर-2 पूंजी द्वारा।

63. A. एक महारत्न कंपनी संयुक्त उद्यम परियोजना या पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी में सरकारी अनुमति के बिना 5,000 करोड़ रुपये तक के निवेश का निर्णय ले सकती है।

64. B. भारत सरकार अपनी अल्पकालिक वित्तीय आवश्यकताओं को वित्त पोषित करने के लिए टी-बिल को जारी करती है।

65. C. दोनों कथन सही हैं।

SPECTRUM IAS ACADEMY

66. D. NBFCs lend and make investments and hence their activities are akin to that of banks; however there are a few differences as given below:

i. NBFC cannot accept demand deposits;

ii. NBFCs do not form part of the 'Payment and Settlement System' and cannot issue cheques drawn on it.

67. A.

- In 2010, Government of India, in consultation with RBI introduced a new short-term instrument, known as Cash Management Bills (CMBs), to meet the temporary mismatches in the cash flow of the Government of India.
- The CMBs have the generic character of T-bills but are issued for maturities less than 91 days.

68. B.

- NIIF has been set up as a Trust registered under the Indian Trust Act.
- The activities of NIIF will be overseen by a Governing Council, which is to be headed by Finance Minister and which has been formed to oversee the activities of NIIF. It is not an organ of NITI Aayog.

69. B. Initial Public Offerings (IPOs) can be issued only in Primary markets.

70. B. Masala bonds are rupee denominated bond used to raise money from international market.

71. C.

- MDR is a fee charged from a merchant by a bank for accepting payments from customers through credit and debit cards in their establishments.
- MDR charges are usually shared in pre-agreed proportion between the bank and a merchant and is expressed in percentage of transaction amount.

72. C. The Central Government has domestic liabilities of 49% of GDP as compared to that of 21% of GDP of the State Government.

73. C.

- National Financial Switch (NFS) is the largest network of shared Automated Teller Machines (ATMs) in India.
- National Financial Switch (NFS) ATM

66. D. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ, बैंकों की तरह निवेश तथा ऋण का कार्य करते हैं; हालांकि इनकी गतिविधियों में कुछ अंतर भी है:

i) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ मांग-जमा स्वीकार नहीं करते;

ii) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, 'भुगतान और निपटान प्रणाली' का हिस्सा नहीं हैं तथा ये चेक को जारी (या निर्गमित) नहीं कर सकते हैं।

67. A.

- वर्ष 2010 में, भारत सरकार ने भारतीय सरकार के नकद प्रवाह में अस्थायी विसंगतियों को पूरा करने के लिए रिज़र्व बैंक के परामर्श से एक नया नीतिगत उपकरण प्रारम्भ किया: 'नकद प्रबंधन बिल'
- 'नकद प्रबंधन बिल' ट्रेज़री बिल की भांति ही होते हैं, लेकिन इनकी परिपक्वता 91 दिनों से कम होती है।

68. B.

- 'राष्ट्रीय निवेश एवं आधारभूत अवसंरचना कोष' भारतीय ट्रस्ट अधिनियम के तहत पंजीकृत ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया है।
- 'राष्ट्रीय निवेश एवं आधारभूत अवसंरचना कोष' की गतिविधियों की निगरानी एक गवर्निंग काउंसिल द्वारा की जाएगी, जिसका नेतृत्व वित्त मंत्री करेंगे। यह नीति आयोग का अंग नहीं है।

69. B. 'प्रारंभिक सार्वजनिक पहल' केवल प्राथमिक बाजारों में ही जारी किए जा सकते हैं।

70. B. मसाला बांड रुपया-आधारित बांड हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से धन जुटाने के लिए उपयोग किए जाते हैं।

71. C.

- "व्यापारी छूट दर" (मर्चेंट डिस्काउंट रेट), बैंक द्वारा व्यापारी से अपने प्रतिष्ठानों में क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से ग्राहकों द्वारा भुगतान स्वीकार करने के लिए लिया गया शुल्क है।
- "व्यापारी छूट दर" (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) नामक शुल्क, आम तौर पर बैंक और किसी व्यापारी के बीच पूर्व सहमत अनुपात में साझा किए जाते हैं, जो लेनदेन की राशि के एक प्रतिशत के रूप में व्यक्त किए जाते हैं।

72. C. राज्य सरकार की घरेलू देयताएं, सकल घरेलू उत्पाद के 21% तक प्रस्तावित हैं, जबकि केंद्र सरकार के लिए यह सीमा सकल घरेलू उत्पाद का 49% है।

73. C.

- राष्ट्रीय वित्तीय स्विच (एनएफएस) भारत में साझा स्वचालित टेलर मशीनों (एटीएम) का सबसे बड़ा नेटवर्क है।
- 14 दिसंबर, 2009 को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान

SPECTRUM IAS ACADEMY

network was taken over by NPCI from Institute for Development and Research in Banking Technology (IDRBT) on December 14, 2009.

74. B.

- Legal tender is any official medium of payment recognized by law that can be used to extinguish a public or private debt, or meet a financial obligation.
- A creditor is obligated to accept legal tender toward repayment of a debt.
- Cheques are not legal tenders since they can be refused as a mode of payment settlement by a party.

75. C. Opportunity cost represents the benefits an individual, investor or business misses out on when choosing one alternative over another. In this case, the tax payer bears the opportunity cost.

76. A.

- Monetary Policy Committee (MPC) decides the repo rates, CRR, SLR etc. It replaced the earlier system of policy rate veto by the RBI governor.
- It consists of six members (RBI Governor and Deputy Gov. RBI, One RBI officer and three members nominated by the government), and they hold office for a period of four years.
- The Governor of the RBI is the ex-officio Chairperson of MPC.

77. A.

- As per RBI Guidelines, "The objectives of setting up of small finance banks will be to further financial inclusion by:

(i) provision of savings vehicles, and;

(ii) supply of credit to small business units; small and marginal farmers; micro and small industries; and other unorganised sector entities, through high technology-low cost operations." It will thus support unserved and underserved sections.

- However, apart from the provision of credit, there is no explicit provision that SFBs have been setup to encourage setting of

निगम द्वारा बैंकिंग टेक्नोलॉजी विकास और अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) से राष्ट्रीय वित्तीय स्विच (एनएफएस) एटीएम नेटवर्क को समावेशित किया गया था।

74. B.

- वैधानिक निविदा, कानून द्वारा मान्यता प्राप्त भुगतान का एक आधिकारिक माध्यम है, जिसका उपयोग सार्वजनिक या निजी ऋण को चुकाने या वित्तीय दायित्व को पूरा करने के लिए किया जा सकता है।
- लेनदार को ऋण को चुकाने के लिए वैधानिक निविदा मुद्रा को स्वीकार करना बाध्य होता है।
- चेक वैधानिक निविदाएं नहीं हैं क्योंकि उन्हें किसी पार्टी द्वारा भुगतान के निपटारे के तरीके के रूप में अस्वीकार किया जा सकता है।

75. C. अवसर लागत, एक विकल्प के स्थान पर दूसरे विकल्प को चुनते समय किसी व्यक्ति, निवेशक या व्यापार को हुई लाभों की वंचना से है। यदि सरकार द्व ारा कोई वस्तु जनता को निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है, तो अवसर लागत को उत्पाद के उपभोक्ता से कर देने वाली जनता को अंतरित कर दिया जाता है।

76. A.

- मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो दरों, सीआरआर, एसएलआर इत्यादि का निर्धारण करती है। इस समिति ने रिज़र्व बैंक के गवर्नर द्वारा पॉलिसी रेट के निर्धारण हेतु वीटो के अधिकार की पूर्व प्रणाली को परिवर्तित कर दिया है।
- मौद्रिक नीति समिति में छह सदस्य होते हैं: (भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और उप-गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक का एक अधिकारी और सरकार द्वारा नामित तीन सदस्य), ये सदस्य चार वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करते हैं।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, मौद्रिक नीति समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

77. A.

- भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, "लघु वित्त बैंकों" की स्थापना का उद्देश्य निम्नवत गतिविधियों द्वारा वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना है :

(i) बचत के माध्यम को विकसित करना, और;

(ii) लघु व्यवसाय इकाइयों, छोटे और सीमांत किसानों, सूक्ष्म और लघु उद्योगों, अन्य असंगठित क्षेत्र की इकाईयों को उच्च प्रौद्योगिकी-कम लागत वाले संचालन के माध्यम से ऋण की आपूर्ति सुनिश्चित करना। "इस प्रकार यह आरक्षित और वंचित वर्गों का समर्थन करेंगे।

- हालांकि, इस तथ्य के स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं कि ऋणों की उपलब्धता के अतिरिक्त, लघु वित्त



SPECTRUM IAS ACADEMY

businesses in rural areas. Hence, statement 3 will be considered wrong.

78. A. UPI allows a customer to pay directly from a bank account to different merchants, both online and offline, without the hassle of typing credit card details, IFSC code, or net banking/wallet passwords. So, A is correct.

79. B.

- Statement 1: It has reduced post-1991.
- Statement 2, 3 and 4: These happened on account of liberalization of the current as well capital account. From the time when India could have defaulted BoP in 1991, we have reached a situation today where forex reserves are over $350 billion!

80. A. 'Broad-based Trade and Investment Agreement (BTIA)' is sometimes seen in the news in the context of negotiations held between India and European Union.

81. D.

- Tax buoyancy from 2004-05 to 2015-16 have been up and below 1 like a wave. So, statement 1 is wrong.
- Fiscal deficit as a percentage of GDP had increased rapidly in recession years (post 2008) due the fiscal stimulus given by the government and then declined due to the fiscal consolidation measures adopted. So, statement 2 is also wrong.

82. D.

- Pingali Venkayya, the designer of the Indian National Flag, joined the British Army and took part in the Anglo-Boer war in Africa. During this time, he met Mahatma Gandhi and formed an association with the leader which lasted for more than 50 years.
- A postage stamp was issued to commemorate him in 2009. In 2012, the government of Andhra Pradesh recommended his name for the Bharat Ratna.

83. D.

- Rape and gang rape of girls below the age of 16 years will carry minimum imprisonment of twenty years and is extendable to life imprisonment or death. Hence, statement 2 is wrong.

बैंक ग्रामीण इलाकों में व्यवसायों की स्थापना को प्रोत्साहित करने का कार्य करेंगे। इसलिए, कथन 3 गलत है।

78. A. यूपीआई, किसी ग्राहक को सीधे बैंक खाते से अलग-अलग व्यापारियों को बिना क्रेडिट कार्ड के विवरण, आईएफएससी कोड, या नेट बैंकिंग वॉलेट पासवर्ड टाइप करने की परेशानी के, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से भुगतान करने की अनुमति देता है। अत: विकल्प 1 सही है।

79. B.

- वक्तव्य 1: 1991 के बाद जीडीपी में कृषि का अंश कम हुआ है।
- वक्तव्य 2, 3 और 4: ये वर्तमान और पूंजीगत खाते के उदारीकरण के कारण संभव हुआ। 1991 में भुगतान संतुलन के डिफॉल्ट होने की स्थिति से आज, भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसी स्थिति में पहुंच चुकी है, जहां विदेशी मुद्रा भंडार + 350 बिलियन से अधिक है!

80. A. 'व्यापक-आधारयुक्त व्यापार और निवेश करार' (बीटीआईए) कभी-कभी समाचारों में भारत और यूरोपीय संघ के बीच होने वाली बातचीत के संदर्भ में दिखाई पड़ता है।

81. D.

- पिछले दशक में भारत के जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कर-राजस्व में उतार-चढाव की स्थिति रही है। अत:, कथन 1 गलत है।
- सरकार द्वारा दिए गए राजकोषीय प्रोत्साहन के कारण मंदी के वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटा तेजी से बढ़ गया था, तत्पश्चात अपनाए गए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण उपायों के कारण राजकोषीय घाटा पुन: कम हो गया। अत:, कथन 2 भी गलत है।

82. D.

- भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के डिजाइनर पिंगली वेंकय्या ने ब्रिटिश सेना में शामिल होकर अफ्रीका में एंग्लो-बोअर युद्ध में हिस्सा लिया। इसी दौरान, उनकी मुलाकात महात्मा गांधी से हुई।
- वर्ष 2009 में, पिंगली वेंकय्या के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया गया था। वर्ष 2012 में, आंध्र प्रदेश सरकार ने भारत रत्न के लिए इनका नाम प्रस्तावित किया था।

83. D.

- 16 साल से कम उम्र के लड़कियों के बलात्कार और गिरोह बलात्कार में बीस साल की न्यूनतम कारावास अवधि होगी जो आजीवन कारावास या मृत्यु तक विस्तारित हो सकता है। अत:, कथन 2 गलत है।

SPECTRUM IAS ACADEMY

- Rajasthan and Madhya Pradesh have also passed a Bill providing for death penalty to those convicted of raping girls of 12 years and below. So, statement 3 is also incorrect.

84. C.

- NCBC will comprise of five members not ten members and they are to be appointed by the President. So, statement 2 is incorrect.
- The NCBC will have the powers of a civil court not of criminal court while investigating or inquiring into any complaints. Thus, statement 3 is incorrect.

85. D. All the statements are correct.

86. D. All the statements are correct.

87. C. Both statements are correct.

88. C. Karnataka comes first with 38 GI products, followed by Maharashtra which has 32 products. So, statement 3 is wrong.

89. B. Scrub typhus is not caused by bacteria, but by a parasite called Orientia tsutsugamushi, which is transmitted by the bite of infected mite larvae in soil containing scrub vegetation. Hence, statement 2 is wrong.

90 D. Global Liveability Index is released by Economist Intelligence Unit.

91. B. India's first National Sports University will be established in Imphal (Manipur).

92. B. Shale gas contains methane. Hence, statement 1 is wrong.

93. D. Rajasthan has become the first State in the country to implement the National Policy on Biofuels.

94. B.

95. D. All the statements are correct.

96. C. All residents of Assam who entered the state until 1 January 1971 would be regularized. This means they continue to be Indian citizens.

97. D. All the statements are correct.

98. D. All the statements are correct.

99. B. India has become the 69th shareholder of the European Bank for Reconstruction and Development (EBRD).

100. B. POSHAN Abhiyan is a flagship programme of Ministry of Women and Child Development. Hence, statement 1 is wrong.

- राजस्थान और मध्य प्रदेश ने 12 साल और उससे कम आयु की लड़कियों से बलात्कार करने के दोषियों को मृत्यु-दण्ड के लिए एक विधेयक पारित किया है। अत:, कथन 3 भी गलत है।

84. C.

- पिछड़ा वर्ग के लिए राष्ट्रीय आयोग में राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त पांच सदस्य (दस नहीं) सम्मिलित होंगे। अत:, कथन 2 गलत है।
- किसी भी शिकायत की जांच या पूछताछ करते समय पिछड़ा वर्ग के लिए राष्ट्रीय आयोग को सिविल अदालत की शक्तियां होंगी, आपराधिक अदालत की नहीं। अत:, कथन 3 भी गलत है।

85. D. सभी कथन सही हैं।

86. D. सभी कथन सही हैं।

87. C. दोनों कथन सही हैं।

88. C. जीआई उत्पादों के सन्दर्भ में, तमिलनाडु 38 उत्पादों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि कर्नाटक 32 उत्पादों के साथ दूसरे स्थान पर है। अत:, कथन 3 गलत है।

89. B. स्क्रब टाइफस एक संक्रामक बीमारी है, जो ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक परजीवी द्वारा प्रसारित होती है, न कि बैक्टीरिया द्वारा। अत:, कथन 2 गलत है।

90. D. 'ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स', इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट नामक संस्था द्वारा जारी किया जाता है।

91. B. भारत का पहला 'राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय' इम्फाल (मणिपुर) में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

92. B. 'शेल गैस' में मीथेन भी होती है। अत:, कथन 1 गलत है।

93. D. जून, 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति लागू करने वाला राजस्थान भारत का प्रथम राज्य बना।

94. B.

95. D. सभी कथन सही हैं।

96. C. असम समझौते के अनुसार 1 जनवरी, 1971 तक असम में रहने वाले सभी निवासियों को नियमित किया जाएगा अर्थात वे भारतीय नागरिक बने रहेंगे।

97. D. सभी कथन सही हैं।

98. D. सभी कथन सही हैं।

99. B. भारत, यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक का 69 वां शेयरधारक बन गया है।

100. B. 'पोषण अभियान' महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है।

SPECTRUM IAS ACADEMY